epaper
हिन्दुस्तान

# केंद्रीय बजट: यूपी में चुनावी एक्सप्रेस दौड़ाने की कोशिश




02/02/2022

**लखनऊ | आनंद सिन्हा**

प्रदेश में चुनावी शोर के बीच मंगलवार को पेश हुए केंद्र सरकार के आम बजट में यूपी के बेघर गरीबों को खुश करने के साथ ही बुंदेलखंड के लोगों की प्यास बुझाने का मुकम्मल इंतजाम नजर आ रहा है। इसके जरिये भाजपा जहां प्रदेश में गांव-गरीब को साधने की कोशिश करेगी वहीं पूर्वांचल के सियासी समर में एक्सप्रेस वे के जरिये विकास को रफ्तार के साथ युवाओं को रोजगार और कारोबारियों को सुलभ आवागमन के जरिये लुभाने की कोशिश की गई है।

**पूर्वांचल पर ध्यान:**सड़क परिवहन व हाइवे की योजनाओं में यूपी के पूर्वांचल को दो बड़े एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का प्रबंध है। वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे और गोरखपुर-सिलीगुड़ी कॉरिडोर दिए गए हैं। साथ ही कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया गया है।

**केन-बेतवा के लिए बुंदेलखंड पर ध्यान:** केंद्र सरकार ने केन-बेतवा नदी इंटरलिंकिंग प्रोजेक्ट को बजट का हिस्सा बनाकर मध्य प्रदेश के साथ ही यूपी के बुंदेलखंड को राहत दी है। इससे पेयजल के साथ ही सिंचाई की व्यवस्था कर संदेश देने की कोशिश की गई है। वर्ष 2022-23 में इस प्रोजेक्ट के लिए 1400 करोड़ आवंटित भी कर दिए गए हैं। नदी विकास व गंगा के पुनरुद्धार की योजनाओं पर 957 करोड़ रुपये खर्च होगा। नमामि गंगे योजना पर 500 करोड़ रुपये तथा अटल भूजल योजना पर 170 करोड़ का प्रावधान है।

**आठ लाख गरीबों के लिए बनेंगे मकान**